ECONAVI INVERTER

Panasonic®



# ऑपरेटिंग निर्देश

## फ्रिज

घरेलू इस्तेमाल के लिए

मॉडल संख्या: NR-BR307
NR-BR347

पंजीकरण संख्या- I.13.PGI2.02204.0714

## विवरण


- सुरक्षा सावधानियाँ .......... 2
- इस्तेमाल के दौरान सावधानियाँ .......... 3
- इंस्टालेशन .......... 4
- हिस्सों की पहचान .......... 5
- तापमान नियंत्रण .......... 6
- ECONAVI संचलन .......... 6
- इस्तेमाल की सूचनाएं .......... 7
- बर्फ़ के टुकड़े (क्यूब) कैसे बनाएं .......... 8
- फ्रिज को स्वच्छ कैसे करें .......... 9
- समस्या निवारण .......... 10
- विनिर्देश .......... 11


पॅनासोनिक उत्पाद खरीदने के लिए आपका धन्यवाद!

- कृपया इन सूचनाओं को ध्यान से पढ़ें तथा इस उत्पाद को इस्तेमाल करने से पहले पृष्ठ 2-3 की सुरक्षा सावधानियों का पालन करें।
- कृपया खरीदारी की तारीख और दुकान का नाम वारंटी कार्ड पर अंकित (स्टैम्प) किया गया हो यह सुनिश्चित कर लें और उसे इस ऑपरेटिंग निर्देश के साथ ही रखें।


INDIA

AK-176440
T0616-0
थाईलैंड में मुद्रित

# सुरक्षा सावधानियाँ

**इन सूचनाओं का पालन करना सुनिश्चित करें।**

## ⚠ इशारा

इस संकेत का अर्थ है-
[इसके फलस्वरूप गंभीर चोट या मृत्यु हो सकती है।]

## ⚠ सावधानी

इस संकेत का अर्थ है-
[इसके फलस्वरूप चोट या संपत्ती का नुकसान हो सकता है।]

इसका अर्थ है निषिद्ध क्रिया।

इस संकेत का अर्थ है कार्रवाई आवश्यक है।

**अन्यथा इसके फलस्वरूप आग, चोट, बिजली का झटका लग सकता है।**

## ⚠ इशारा

### बिजली के प्लग और तार के लिए...

- गीले हाथों से प्लग **ना लगाएं** या निकालें नहीं।
- तार या प्लग को क्षतिग्रस्त **ना होने** दें।

- सफ़ाई करते समय बिजली का प्लग निकाल लें।
- दीवार के रेटेड वोल्टेज आउटलेट में सीधे प्लग करें और प्लग को पूरी तरह से सॉकेट में घुसाएं।
- एक प्लग को केवल फ्रिज के लिए ही रखें। एक ही प्लग में कई उपकरणों को ना जोड़ें और तार की लंबाई को गुंथने ना दें।
- बिजली के प्लग में से समय समय पर धूल को साफ़ करें।
- अगर आपूर्ति तार क्षतिग्रस्त हुआ हो तो खतरे से बचने के लिए उसे निर्माता, उसके सेवा प्रतिनिधि या इसी तरह के प्रशिक्षित व्यक्ति द्वारा ही बदला जाना चाहिए।
- अगर आपको जलने की गंध आती है तो बिजली का प्लग निकालें और दरवाजे-खिडकियाँ खोलकर रसोईघर में हवा फैलने दें।
- अगर कोई असामान्यता या खराबी उभरती तो फ्रिज का इस्तेमाल तुरंत **बंद** करें।
  (अन्यथा उससे धुआं, आग या बिजली का झटका लग सकता है)
  असामान्यता या खराबी के उदाहरण है-
  - बिजली का तार या प्लग असामान्य रूप से गर्म हो
  - बिजली का तार गहरा कटा हो या विकृत हुआ हो
  - जलने की गंध आ रही हो
  - आपको बिजली की झुनझुनी महसूस हो रही हो

### इस्तेमाल करते हुए...

- कूलिंग सर्किट को नुकसान **ना पहुंचाएं** (फ्रिज के पीछे के पाइप)
- कंप्रेसर या पाइप को स्पर्श **ना करें**, इस क्षेत्र में उच्च तापमान होता है।
- किसी भी बच्चे को फ्रिज के दरवाजे से झुलने **ना दें**, इससे फ्रिज बच्चे पर गिर सकता है।
- फ्रिज के ऊपर पानी का कोई भी बर्तन **ना रखें**।

- यह उपकरण दुर्बल शारीरिक, संवेदनात्मक या मानसिक क्षमताओं के व्यक्तियों (बच्चों सहित) द्वारा इस्तेमाल के लिए नहीं है या जिन्हें अनुभव एवं ज्ञान नहीं उनके लिए नहीं है, जब तक की उनकी सुरक्षा के लिए जिम्मेदार व्यक्ति द्वारा उपकरण के इस्तेमाल का प्रशिक्षण नहीं दिया जाता या उनपर देखरेख नहीं की जाती।
- बच्चे उपकरण के साथ ना खेलें यह सुनिश्चित करने के लिए उनपर नज़र रखनी चाहिए।

### आपात स्थिति में...

- आप खुद फ्रिज के हिस्सों को अलग करने, मरम्मत या बदलने की कोशिश **ना करें**। अगर आप फ्रिज की मरम्मत करना चाहते हैं तो कृपया अपने विक्रेता से या अधिकृत सर्विस सेंटर से संपर्क करें।
- डीफ्रोस्टिंग प्रक्रिया की गति बढ़ाने हेतु निर्माता द्वारा समर्थित उपायों के अलावा किसी यांत्रिक उपकरण या अन्य किसी तरीके का इस्तेमाल **ना करें**।

- रखरखाव का कार्य कार्यशाला में अच्छी तरह से प्रशिक्षित रखरखाव श्रमिकों के द्वारा ही किया जाना चाहिए।

### जलने से संरक्षण हेतु...

- कंप्रेसर या पाइपों को स्पर्श **ना करें** क्योंकि उच्च तापमान की वजह से जलकर चोट पहुंचने का खतरा होता है।

### उत्पाद को रिसाइकलिंग करते समय..

- फ्रिज को रिसाइकलिंग के लिए लेकर जाने से पहले कृपया दरवाजा खुलने से रोकनेवाले सभी सील निकाल दें ताकि कोई बच्चा अंदर बंद ना हो सकें।
- जब भी फ्रिज को अन्य जगह पर स्थानांतरित किया जायेगा या रिसाइकलिंग संयंत्र में भेजा जायेगा तब ऑपरेटिंग निर्देशों को ऐसे हर व्यक्ति को सौंपना चाहिए जो इसे इस्तेमाल करेगा या इसका प्रबंधन करेगा।
- स्थानीय कानूनों के संदर्भ में, इस फ्रिज के विसंवाहन (इन्सुलेशन) के लिए सायक्लो-पेंटेन इस्तेमाल किया गया है। जब आप इस निकाय को फेकेंगे तब कृपया इसे योग्य विधि द्वारा निरस्त करें और जलाकर इसका निपटान ना करें।
- उपरोक्त उल्लेखित इशारा पट्टीयों (लेबल) को फ्रिज के संपूर्ण जीवनकाल में वैसे ही रखना है।

### उत्पाद को स्थापित (इंस्टाल) करते समय...

- बड़े कार्यों में सुरक्षा एवं कार्यक्षमता के लिए, घर में भूमि कनेक्शन प्रणाली सही तरह से स्थापित है इसकी जाँच की जानी चाहिए।




AK-172161_Operating Instructions_IND_NR-BR307 347_Hindi.indd 2 3/6/2559 14:36:55

अन्यथा इससे चोट या दुर्घटनाएं हो सकती है।

# ⚠ सावधानी


### दरवाजों को खोलते/बंद करते समय...

- फ्रिज को खोलते समय, दरवाजा पकड़े हुए अन्य व्यक्ति का हाथ ना चिमटे इसका ध्यान रखें।
- दरवाजों के बीच के अंतर का ध्यान रखें। दरवाजा बंद करते समय उनमें आपका हाथ फंस सकता है।



### खाद्य पदार्थों का भंडारण करते समय...

- कांच की बोतलों को फ्रिज **ना करें**, उससे चोट पहुंचने का खतरा होता है। (अगर कांच के बोतल के भीतर का द्रव जमा होगा और वह टूटती है तो आपको चोट पहुँच सकती है।)
- कांच की थालियों (ट्रे) पर ज्यादा दबाव **ना डालें**। (अन्यथा वह कांच की थालियाँ टूटकर आपको चोट पहुँच सकती है।)



### फ्रिज को स्थानांतरित करते समय...

- स्थानांतरित करते समय फ्रिज को मजबूती से पकड़े रखें।
- नाज़ुक सतह की ज़मीन पर संरक्षक आवरण बिछाएं।



## इस्तेमाल के दौरान सावधानियाँ

### दरवाजों को खोलते/बंद करते समय...

- ट्रे या शेल्फ से बड़ी वस्तुओं को फ्रिज में **ना रखें** क्योंकि इससे दरवाजा पूरी तरह से बंद नहीं होगा और ठंड़ी हवा बाहर निकलेगी।
- फ्रिज को बारबार ना खोलें या उसे लंबे समय तक खुला **ना छोड़े** ताकि भीतर पानी टपकने और बिजली बेकार जाने से बचाया जा सके।
- दरवाजा खोलनेवाली सील की समय समय पर जाँच करें, वह पूरी तरह से फ्रिज के ढाँचे से चिपकी होनी चाहिए।

### सफ़ाई करते समय...

- फ्रिज को रासायनिक पदार्थ या द्रव से साफ़ **ना करें**। इससे क्षति पहुंच सकती है और सतह पर गंज लग सकती है।
- फ्रिज के पीछे स्थित कंप्रेसर के ऊपर रखे इवैप पैन को हर तीन महीने में साफ़ करें ताकि नमी से उत्पन्न गंध को हटाया जा सके।



### इस्तेमाल करते समय...



- फ्रिज के ऊपर कुछ भी **ना रखें**। अन्यथा कंपन के कारण वह गिर सकता है।
- प्लग को निकालने के बाद दुबारा लगाने से पहले 5 मिनट वैसे ही रहने दे। ऐसा नहीं किया तो शायद कंप्रेसर काम नहीं करेगा।




- बिजली बचाने के लिए वास्तविक कार्य स्थिति के अनुसार तापमान को समायोजित करें।
- अगर आप कई दिनों के लिए घर में ना हो और फ्रिज में ठंडा होने के लिए कुछ भी ना हो तो बिजली बचाने के लिए प्लग को निकाल देना चाहिए।
- फ्रिज के कॅबिनेट की बाहरी दीवार कई बार गर्म हो जाती है, ख़ासकर स्थापित करने के तुरंत बाद। यह स्थिति सामान्य है और यह इसमें लगे मुलियन ड्रायर पाइप की वजह से होता है जो नमी से बचाता है और गर्मी उत्सर्जित करता है।
- जब नमी अधिक होती है जैसे बारिश के मौसम में तब कॅबिनेट की सतह पर संक्षेपण (कंडेनसेशन) उभर सकता है, ख़ासकर दरवाजे की सील गास्केट के चारों ओर। एक साफ़ कपड़े से जमे हुए पानी को पोंछ लें।
- फ्रेश केस के भीतर नमी जम सकती है इसलिए उसे समय समय पर पोंछते रहें। फ्रेश केस को महीने में एक बार साफ़ करें।

### दरवाजों को खोलते/बंद करते समय...

- फ्रिज में गर्म खाद्य पदार्थ **ना रखें**।
- फ्रिज में अत्याधिक वस्तुएं **ना रखें**। शीतलन प्रभाव कायम रखने के लिए खाद्य पदार्थों के बीच अंतर रखा जाना चाहिए।



- फलों और सब्जियों का क्रिस्पर में भंडारण करें, जहां फंसी हुई नमी लंबी अवधि तक खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बचाए रखने में मदद करती है।



- पीने के पानी, पेयों की बोतलों को ठीक से बंद रखना चाहिए ताकि गंध से बचाया जा सके।



- खाद्य पदार्थ जैसे सब्जियाँ, फल और ताजे भोजन को फ्रिजिंग या शीतलन करने से पहले लपेटा या बक्से में बंद किया जाना चाहिए।



- अगर आपको मांस या मछली जैसे खाद्य पदार्थों का लंबे समय तक भंडारण करना हो तो उन्हें फ्रिज़र में रखें।
- गर्म पदार्थों को अपने फ्रिज में रखने से पहले उन्हें कमरे के तापमान तक ठंड़ा करें।
- रसीले पदार्थों को कसे ढक्कनों, प्लास्टिक फिल्म या पन्नी से ढ़ंक दें।
- दरवाज़े को आवश्यकता से अधिक खुला **ना छोड़ें**, ख़ासकर गर्म, नम मौसम में।




AK-172161_Operating Instructions_IND_NR-BR307 347_Hindi.indd 3 3/6/2559 14:36:55

# इंस्टालेशन


## दीवार से दूरी

- फ्रिज के ऊपर और छत के बीच कम से कम 30 सें.मी. का अंतर होना चाहिए।
- दीवार और फ्रिज की पिछली सतह के बीच कम से कम 10 सें.मी. का अंतर होना चाहिए।
- फ्रिज की बाजू और दीवार के बीच 5 सें.मी. का अंतर होना चाहिए।




## स्थापित करने की जगह

- फ्रिज को नम जगह में **ना रखें** क्योंकि उससे जंग लग सकती है और बिजली का रिसाव हो सकता है।
- फ्रिज को सीधे सूरज की रोशनी में **ना रखें** क्योंकि इससे गर्मी और सूरज की रोशनी से तापमान बढ़ सकता है।
- फ्रिज को गर्मी के स्त्रोत के पास **ना रखें** जैसे रसोई का चुल्हा या ओवन।
- फ्रिज को ऐसी जगह पर रखें जहां हवा का परिसंचरण अच्छा हो।
- अगर फ्रिज को असमतल सतह पर रखना हो तो एडजस्टर बोल्ट को समायोजित करें ताकि फ्रिज स्थिर खड़ा रह सकें।



## हिलाना या स्थानांतरित करना

- फ्रिज को हिलाते या स्थानांतरित करते समय बर्फ़ के ट्रे, बर्फ़ के बक्से, इवैप पैन आदि निकाल लें और फ्रिज में पानी ना हो इसकी जाँच कर लें।


## एलईडी लैंप और ग्राउंडिंग

- फ्रिज का एलईडी लैंप, ख़ासकर इस फ्रिज के लिए डिजाईन किया हुआ लैंप स्वतंत्र रूप से बदलने पर काम नहीं करता। अगर आपको बदलने की ज़रूरत होती है तो कृपया पॅनासोनिक सर्विस सेंटर से संपर्क करें।
- अगर फ्रिज में ग्राउंडिंग वायरिंग प्लग ना हो तो उसे ग्राउंडिंग कनेक्शन के साथ जोड़ना चाहिए ताकि बिजली के खतरे से बचा जा सके।




AK-172161_Operating Instructions_IND_NR-BR307 347_Hindi.indd 4 3/6/2559 14:36:55

# हिस्सों की पहचान




(NR-BR347)




पिछली तरफ से उत्पाद का दृश्य

## विशेष सुविधाएँ

■ **गैर-सीएफसी**
इस इकाई में शीतकरण (HFC-134a) और विसंवाहन (सायक्लो-पेंटेन) इन दोनों के लिए संपूर्ण **गैर-सीएफसी सामग्री का** इस्तेमाल किया गया है। इसलिए यह फ्रिज पृथ्वी की ओज़ोन परत को नुकसान नहीं पहुँचाता।


■ **इन्वर्टर**
कम्पार्टमेंट के भीतर तापमान में बदलाव के अनुसार मोटर भिन्न गति से चलती है। जब तापमान स्थिर होता है तब मोटर धीमी गति से चलती है (बिजली की बचत और धीमी आवाज़)। जब अधिक कूलिंग आवश्यक होती है तब मोटर तेज़ गति से चलती है।



AK-172161_Operating Instructions_IND_NR-BR307 347_Hindi.indd 5 3/6/2559 14:36:56


# तापमान नियंत्रण

फ्रिज के तापमान को ऑपरेट करें फ्रिज कम्पार्टमेंट का तापमान बदलते समय नियंत्रण।




| तापमान फ्रिज कम्पार्टमेंट का नियंत्रण | |
|---|---|
| “1” | 2 से लगभग 2°C ~ 3°C अधिक |
| “2” | लगभग 3°C ~ 5°C |
| “3” | 2 से लगभग 2°C ~ 3°C कम |

ठंडी हवा की स्थिति बदलते समय कोल्ड़ एयर कंट्रोल का इस्तेमाल करें।




| कोल्ड़ एयर कंट्रोल | |
|---|---|
| “फ्रिज अधिकतम” | फ्रिज कम्पार्टमेंट को प्राथमिकता मिलती है। |
| “सामान्य” | ठंडी हवा की स्थिति सामान्य है। |
| “फ्रिज़र अधिकतम” | फ्रिज़र कम्पार्टमेंट को प्राथमिकता मिलती है। |

**नोट:** तापमान बदलने और खाद्य पदार्थों की भंडारण मात्रा के आधार पर तापमान नियंत्रण बदलता है।

# ECONAVI ऑपरेशन

इस मॉडल में भी ECONAVI मोड है लेकिन इसमें ECONAVI लैंप और प्रकाश तीव्रता का सेंसर नहीं है।[1]

## ECONAVI कार्य के दौरान ECONAVI लैंप चालू है

- ECONAVI कार्य के क्रियान्वयन के लिए यह फ्रिज खुलने से लेकर और कभी कभार इस्तेमाल की अवधि के आधार पर आपके परिवार की जीवनशैली आदतों को समझेगा।

**टिप्पणियाँ:**
- यह फ्रिज पिछले 3 हफ्तों की आपकी जीवनशैली आदतों को समझता है और 4 थे हफ्ते से अपनी जानकारी को इस्तेमाल करता है।

## ECONAVI ऑपरेशन सक्षम करने के लिए सेटिंग

- जब फ्रिज़र कम्पार्टमेंट का तापमान नियंत्रण “मध्यम” पर सेट होगा केवल तभी ECONAVI कार्य अपनेआप सक्षम होता है। (हालांकि, क्विक फ्रिज़िंग चालू होनेपर ECONAVI काम नहीं करता)।
- ECONAVI ऑपरेशन को जबरदस्ती चालू करना संभव नहीं है।

**टिप्पणियाँ:**

[1] परिवेश का तापमान, परिवेश की रोशनी, दरवाज़ों के खुलने और बंद होने की संख्या और खाद्य पदार्थों का कौनसी स्थिति में भंडारण किया गया है इन बातों पर निर्भर होकर प्रभावशीलता भिन्न होगी।

# इस्तेमाल की सूचनाएं

## ऊर्जा बचत की युक्तियाँ




**थंडी हवा का मार्ग (आउटलेट) खाद्‍य पदार्थों से बंद ना करें।**
अगर थंडी हवा कम्पार्टमेंट के हर कोने में फैल नहीं पायेगी तो अंदरूनी क्षेत्र पूरी तरह से ठंड़ा नहीं होगा और बिजली की खपत ज़्यादा होगी।




(हवा के मार्ग)

**कम्पार्टमेंट में खाद्‍य पदार्थों को ना भरें।**
अगर ठंड़ी हवा का मार्ग बंद होता है तो लगभग 5 से 15% बिजली जाया होती है। खाद्‍य पदार्थों के बीच पर्याप्त अंतर छोड़ें।



**गर्म खाद्‍य पदार्थों और पेयों का ठंड़ा होने के बाद भंडारण करें।**
अन्यथा, वे ना सिर्फ़ अंदरूनी तापमान बढ़ायेंगे बल्कि अन्य खाद्‍य पदार्थों की ताज़गी को भी प्रभावित करेंगे।







**जब आवश्यक ना हो तब खाद्‍य पदार्थों को फ्रिज में ना रखें।**

■ **ठंड़ी अंधेरी जगह भी पर्याप्त हो सकती है!**



बिना कटे प्याज, आलू, बरडोक्स आदि को फ्रिज में रखना आवश्यक नहीं है (गर्मियों के अलावा)।


■ **आपके खाने के बिल्कुल पहले ठंड़ा करें!**



अगर बिनाकटे उष्णकटिबंधीय फलों को अत्याधिक ठंड़ा किया जाता है तो उनका रंग फिका पड़ सकता है या उनकी विटामिन सामग्री कम हो सकती है।

**कहाँ क्या रखना है?**


जमा (फ्रोज़न) नहीं

| | | |
|---|---|---|
| लगभग 5°C ~ लगभग 3°C | शीतकरण | **"खाना और पेय परोसने के लिए तैयार"** खाना और पेयों का नियमित भंडारण या जिन्हें जल्द ही परोसना है उनका अस्थायी भंडारण।  |
| लगभग 8°C ~ लगभग 3°C | सब्जियाँ | **"फल और सब्जियाँ"** उच्च नमी फलों और सब्जियों को ताजा और रसीला रखती है।  |
| लगभग -18°C ~ लगभग -23°C | जमाना (फ्रिजिंग) | **"अगर खाने का लंबी अवधि तक भंडारण करना हो..."** जमें हुए या सूखे खाद्य पदार्थों के भंडारण के लिए।  |

जमा (फ्रोज़न) हुए



**भंडारण के लिए भली भांति बंद डिब्बो के इस्तेमाल की सिफ़ारिश की जाती है!**




- खट्टे फल काटे
  (→प्लास्टिक का रंग बदलकर सफेद होगा।)





- लहसुन या अन्य तेज़ गंध की सब्जियाँ
  (→गंध अन्य नज़दिकी खाद्य पदार्थों पर फैल सकती है।)

## बर्फ़ के टुकड़ें (क्यूब) कैसे बनाएं

**चरण**

1. बर्फ़ का ट्रे निकालें और पानी के स्तर की रेखा तक ट्रे में पानी भरें, फिर वापस रखें और बर्फ़ बनने तक प्रतीक्षा करें।
2. बर्फ़ के टूकड़े (क्यूब) निकालने के लिए बर्फ़ के ट्रे को घडी की दिशा में घुमाएं। बर्फ़ के टूकड़े बर्फ़ के बक्से में गिरेंगे।



# फ्रिज को स्वच्छ कैसे करें





**1** **अंदरूनी सफ़ाई।**
धब्बे को गर्म पानी से पोंछ लें। अगर धब्बे आसानी से ना निकलें तो मुलायम कपड़े के द्वारा गर्म पानी और साबुन के साथ उन्हें पोंछे। फिर गीले मुलायम कपड़े से साबुन को पोंछ लें।

**2** **बाहरी सफ़ाई।**
मुलायम कपड़े के द्वारा गर्म पानी और साबुन के साथ सफ़ाई करें। फिर साबुन पोंछ लें।

**3** **दरवाजा गास्केट पीसी/एफसी।**
- धीरे से पोंछकर साफ़ करें। फ्रिज के ढ़ाँचे पर घर्षण कम करने के लिए इस क्षेत्र में पेट्रोलियम जेल लगाया गया है। उन्हें ना निकालने की सावधानी बरतें।
- दरवाज़ा खुलने का गास्केट उसका जीवनकाल पूर्ण होने पर बदला जा सकता है। सफ़ाई करते समय अगर वह बाहर निकलता है उसे वापस खांचे में धकेलें।


ओं का प्रयोग ना करें। (अन्यथा, सतह खुरदरी हो सकती है।)




रसोई के डिटर्जेंट (वह प्लास्टिक को चटकाते हैं!) | क्लिन्ज़र या साबुन पाउडर | बेन्ज़ाइन, थिनर, अल्कोहोल, एसिड. पेटोलियम | स्क्रबर | गर्म पानी


## सफ़ाई के लिए ट्रे निकालना।

- **निकालना**
  1. ऊपर उठाकर पिछले हिस्से को हुक से निकालें और जब तक पूरा बाहर न निकलें तब तक आगे खिंचे।
- **लगाना**
  2. ट्रे जब तक पिछले हुक तक ना पहुँचे तब तक धकेले।





## अंडा शेल्फ, शेल्फ पीसी और बोतलों का शेल्फ सफ़ाई के लिए निकालना।

- **निकालना**
  1. दाईं और बाईं ओर बारी बारी से उठाकर ऊपर निकाले।
- **लगाना**
  2. उसे दोनो आधारों पर रखें और जब तक आधार के अंत तक ना पहुँचे तब तक दबाएं।





## काँच ट्रे क्रिस्पर के आवरण की सफ़ाई।

1. अगर काँच ट्रे क्रिस्पर के आवरण पर दाग़ होगा तो कृपया उसे निकालें और स्वच्छ पानी में धोकर साफ़ करें।
2. अगर काँच ट्रे क्रिस्पर के आवरण पर गहरा दाग़ होगा तो कृपया उसे गर्म पानी में भिगोये और फिरसे स्वच्छ पानी से धोयें।




## क्रिस्पर और केस एफसीबी को सफ़ाई के लिए निकालना।

**निकालना**
1. केस जब तक स्टॉपर के अंत तक ना पहुँचे तब तक खिंचे।
2. केस के अगले हिस्से को हल्कासा उठाएं और केस को पूरी तरह से बाहर निकाल लें।





**लगाना**
1. केस को दोनों आधारों पर धकेले।
2. उसे उठाएं और फिर जब तक वह अंत तक ना पहुँचे उसे धकेले।




## इवैप पैन को सफ़ाई के लिए निकालना।

- **निकालना**

  *1.* इवैप पैन को हल्कासा ऊपर झुकाएं और फिर जब तक इवैप पैन का छेद इवैप पैन के हुक से खुल ना जाएं तब तक ऊपर उठाएं।




  *2.* इवैप पैन इवैप पाइप को स्पर्श करने तक खींचे और इवैप पाइप के नीचे से सावधानीपूर्वक बाहर निकाले।





**नोट:** कृपया इवैप पैन को ख़राब ना करें।

- **लगाना**

  *1.* इवैप पैन को इवैप पाइप के नीचे घुसाएं।

  *2.* इवैप पैन के छेद को इवैप पैन के हुक में घुसाएं और साथ ही दोनो बाजुओं को बिठाने के लिए दबाएं।





# समस्या निवारण

| | |
|---|---|
| फ्रिज काम नहीं कर रहा है। | • प्लग और उसके सॉकेट अच्छी स्थिति में है या नहीं इसकी जाँच करें।<br>• घर के मेन फ्यूज़ और विद्युत प्रणाली में कोई समस्या आ रही है क्या इसकी जाँच करें।<br>• प्लग निकालें और दुबारा प्लग लगाने से पहले 5 मिनट प्रतीक्षा करके जाँच करें। |
| फ्रिज पर्याप्त रूप से ठंड़ा नहीं कर रहा है। | • तापमान नियंत्रण बटन सही स्थिति में है या नहीं इसकी जाँच करके सुनिश्चित करें।<br>• फ्रिज वस्तुओं से बहुत ज़्यादा भरा है या उसके भीतर कोई गर्म खाद्य पदार्थ ठंड़ा हो रहा है इसकी जाँच करें।<br>• क्या फ्रिज सूरज की रोशनी या गर्मी के स्त्रोत के सीधे संपर्क में है?<br>• क्या फ्रिज का दरवाजा पूरी तरह से बंद है?<br>• क्या फ्रिज का दरवाजा बार बार खोला जा रहा है? |
| दरवाज़े के कॅबिनेट / सतह के भीतर और बाहर वाष्प उत्पन्न हो रहा है। | • नमी अधिक होनेपर कॅबिनेट की सतह पर कंडेनसेशन उभर सकता है, उदा. बारिश के मौसम के दौरान या हवा परिसंचरण ठीक ना होनेपर।<br>• अगर कंडेनसेशन भीतर हो रहा हो तो दरवाज़ा पूरी तरह से बंद है या नहीं इसकी जाँच करें। क्या फ्रिज को बार बार खोला जा रहा है या लंबे समय तक खुला छोड़ा जा रहा है? क्या फ्रिज के भीतर कोई गर्म खाद्य पदार्थ ठंड़ा हो रहा है? |
| फ्रिज से आवाज़ आ रही है। | • फ्रिज समतल ज़मीन पर रखा है या उसे उचित रूप से स्थापित किया गया है या नहीं इसकी जाँच करें।<br>• फ्रिज के संपर्क में कोई वस्तु है क्या इसकी जाँच करें।<br>• हिस्से तापमान से समायोजित होने के कारण भीतर से तड़कने की आवाज़ आना सामान्य बात है।<br>• इंस्टॉलेशन के पश्चात फ्रिज में से शायद तेज़ आवाज़ आ सकती है। फ्रिज ठंड़ा होनेपर आवाज़ कम हो जायेगी। |
| एलईडी लैंप चालू नहीं हो रहा है। | • कृपया पॅनासोनिक सर्विस सेंटर से संपर्क करें। |
| खाद्य पदार्थ जम (फ्रोज़न) रहे हैं। | • क्या आपने खाद्य पदार्थों को ठंड़ी हवा की नलिका के पास रखा है?<br>• क्या आपने तापमान नियंत्रण को "अधिकतम" पर रखा है? उसे "मध्यम" या "न्यूनतम" पर समायोजित करें। |

# समस्या निवारण

**ECONAVI लैंप ठीक से जल नहीं रहा है।**

| समस्या | जांच / कारण |
|---|---|
| ECONAVI काम नहीं कर रहा है। | • क्या फ्रिज कम्पार्टमेंट की तापमान सेटिंग को "मध्यम" के अलावा अन्य पर सेट किया है?<br>• क्या आप दरवाज़ों को बार बार खोलते हैं या बहुत गर्म खाद्य पदार्थों का भंडारण करते हैं?<br>• फ्रिज बार बार इस्तेमाल होने के दौरान ECONAVI की समझने की क्षमता (लर्निंग फंक्शन) उसके कार्य को अपनेआप बंद कर देती है। |
| ECONAVI कार्य कभी कभार ही हो रहा है। | • क्या बिजली चली गई थी?<br>अगर बिजली चली जाती है तो समझने की क्षमता द्वारा उस समय तक संकलित डेटा नष्ट हो जाता है। जब तक समझने की क्षमता दुबारा डेटा संकलन ना कर लें तब तक ECONAVI कार्य कभी कभार ही क्रियान्वित होता है। |
| ECONAVI कार्य बीच में ही रूक गया है। | • जैसे उदाहरण के लिए, ECONAVI कार्य के दौरान डीफ्रॉस्टिंग (ऑटो) चालू किया जाता है तो उसके बाद सामान्य कूलिंग कार्य करना आवश्यक होता है इसलिए ECONAVI कार्य रूक सकता है।<br>• समझने की क्षमता शायद कई बार सामान्य कूलिंग कार्य को दुबारा शुरू करती है। |
| ECONAVI कार्य अक्सर हो रहा है (ECONAVI लैंप बहुत कम बंद होता है)। | • क्या प्रकाश तीव्रता सेंसर छुप गया है?<br>• क्या कंट्रोल पैनल पर धूल की खरोंचे उभरी है (प्रकाश तीव्रता प्रभाग)?<br>• फ्रिज का इस्तेमाल होने के दौरान भी इस्तेमाल की स्थितियों के मद्देनज़र ECONAVI कार्य हो सकता है लेकिन कूलिंग कार्यप्रदर्शन कायम रखा जाता है। |



# विनिर्देश

| मॉडल संख्या: | | NR-BR307 | NR-BR347 |
|---|---|---|---|
| फ्रिज़र की स्टार रेटिंग | | ✳ *** | |
| क्षमता (L) (ISO 15502) | कुल | 302 | 349 |
| | फ्रिज़र | 94 | 94 |
| | फ्रिज | 208 | 255 |
| बाहरी आयाम चौड़ाई x गहराई x ऊँचाई (मिमी) | | 600 x 629 x 1,546 | 600 x 629 x 1,726 |
| रेफ्रिजरंट का प्रकार | | HFC-134a | |
| शुद्ध वजन (kg/lb) | | 51 / 112 | 53 / 117 |
| कूलिंग प्रणाली | | नॉन-फ्रॉस्ट कूलिंग | |
| रेटेड वोल्टेज (V) रेटेड फ्रिक्वेंसी (Hz) | | दरवाज़े पर लगे रेटिंग लेबल को देखें। | |

## अपशिष्ट इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का निपटान

स्वीकार्यता की घो  णा ई–वेस्ट (मैनेज़मेन्ट एवं हैन्डलिंग) नियमों 2011 की अपेक्षाओं के अनुरुप (वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के नोटिफिकेशन एस. ओ. 1035 (ई) के द्वारा स्वीकृत)

उत्पाद ई–वेस्ट नियमों के नियम 13 की अपेक्षाओं के अनुरुप है।
ई–वेस्ट नियमों की तालिका 2 में सूचीबद्ध प्रयोगों की छूट के साथ खतरनाक पदार्थों की मात्रा

1. लेड (Pb) – वजन में 0.1 प्रतिशत से अधिक नहीं।
2. कैडमियम(Cd) – वजन में 0.01 प्रतिशत से अधिक नहीं।
3. मर्करी (Hg) – वजन में 0.1 प्रतिशत से अधिक नहीं।
4. हेक्ज़ावेलेन्ट क्रोमियम ($Cr^{6+}$) – वजन में 0.1 प्रतिशत से अधिक नहीं।
5. पॉलिब्रोमिनेटेड बाईफिनाईल्स (PBBs) – वजन में 0.1 प्रतिशत से अधिक नहीं।
6. पॉलिब्रोमिनेटेड डाईफिनाईल ईथर (PBDEs) – वजन में 0.1 प्रतिशत से अधिक नहीं।

संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुगम बनाने हेतु पुनः चक्रण के प्रयोजन से इस उत्पाद को
कृपया निकटवर्ती अधिकृत संग्रहण केंद्र, पंजीकृत भंजक या रिसाइकिलर (पुनः चक्रणकर्त्ता) को वापस करें।
संग्रहण केंद्रों इत्यादि के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया पैनासोनिक वेबसाइट
http://www.panasonic.com/in/corporate/sustainability/panasonic-india-i-recycle-program.html देखें।

Panasonic Corporation
Web site : http://panasonic.net
© Panasonic Appliances (Thailand) Co., Ltd. 2016

AK-172161_Operating Instructions_IND_NR-BR307 347_Hindi.indd 12 3/6/2559 14:36:57